एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
विज्ञापन सं. 04/2023

दिनांक: 12/04/2023

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम / सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों से संविदा आधार पर विशेषज्ञ (आई.टी.) के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। नीचे दिए गए अनुभव और पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक आवेदकों से दिनांक19/04/2023 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पद के लिए विवरण निम्नानुसार हैं:

1	**पद का नाम**	**विशेषज्ञ (आई.टी.)**
2	**पद की संख्या**	एक (01)
3	**पारिश्रमिक**	95,000 रुपये प्रति माह (समेकित)
4	**पात्रता मानदंड**	क) **आयु** : 65 वर्ष से अधिक नहीं (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक) ख) **अर्हता:** सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि धारक सेवानिवृत्त अधिकारी। सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) में अतिरिक्त अर्हता धारक व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी। सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम से 80,000-2,20,000 रुपये (आई.डी.ए.) वेतनमान में ई-5 स्तर पर और इससे ऊपर अथवा स्तर 13 – 1,23,100 - 2,15,900/- रुपये (सी.डी.ए.) और इससे ऊपर के वेतनमान में नियमित पद से सेवानिवृत्त हुए हों। ग) **अर्हता पश्चात अनुभव:** संपूर्ण सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित गतिविधियों / कार्यों का न्यूनतम 20 वर्षों का कार्य अनुभव होना चाहिए अर्थात ई.आर.पी. एनवायर्नमेंट और वेब डिजाइनिंग, डेटाबेस, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, नेटवर्क और संबद्ध उपस्करों सहित सूचना प्रणालियों / संचार प्रणालियों के रखरखाव में पारंगत होना चाहिए।
5	**कर्तव्य एवं दायित्व**	कर्तव्यों और दायित्वों में आई.टी. से संबंधित संपूर्ण कार्य और मामलों (एप्लिकेशन और हार्डवेयर) की देखभाल शामिल (परंतु इन तक सीमित नहीं) होंगे।

तैनाती स्थल:
नई दिल्ली

नियोजन के लिए संक्षिप्त निबंधन और शर्तें:

1. नियोजन, संविदा आधार (पूर्णकालिक) पर आरंभ में 01 वर्ष की अवधि के लिए होगा।
2. सतर्कता अनापत्ति/सतर्कता इनपुट मिलने के बाद ही , सेवानिवृत्त अधिका री के सेवानिवृत्ति पश्चात नियोजन पर विचार किया जाएगा। विशेषज्ञ (आई.टी.) के नियोजन के प्रयोजन के लिए सतर्कता अनापत्ति , कंपनी या मूल संगठन, जैसा भी मामला हो, के सतर्कता विभाग के माध्यम से ली जाएगी। यदि किसी सेवानिवृत्त अधिकारी ने एक से अधिक संगठनों में सेवा दी है , तो उन सभी संगठनों से सतर्कता अनापत्ति प्राप्त की जाएगी जहां सेवानिवृत्त अधिकारी ने अपनी सेवानिवृत्ति से पूर्व 10 वर्षों की अवधि के दौरान सेवा प्रदान की है।

आवेदन करने की प्रक्रिया:

पात्र और इच्छुक सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम से सेवानिवृत्त अधिकरियों को विशेषज्ञ (आईटी.) के पद के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रति दिनांक **19/04/2023 (बुधवार)** तक talent@nbccindia.com पर ई-मेल के माध्यम से भेजनी चाहिए जिनके बिना आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा :

क) आवेदित पद का नाम, आयु, अर्हता, अनुभव और सेवानिवृत्ति की तिथि पर धारित अंतिम ग्रेड / स्तर का उल्लेख करते हुए विस्तृत जीवन-वृत्त / बायोडाटा।

ख) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि का उत्तीर्ण प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति और आई.टी. में अतिरिक्त अर्हता (यदि कोई हो)।

ग) अर्हता पश्चात सभी अनुभव प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति जो पद का कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्त होने की तिथि [अर्थात सेवा/अनुभव प्रमाणपत्र, अंतिम वेतन पर्ची, सौंपे गए कार्य का आदेश (यदि कोई हो)] को स्पष्ट रूप से इंगित करता हो।

घ) पहचान का स्व-सत्यापित प्रमाण (आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, भारतीय पासपोर्ट आदि)।

ङ) पासपोर्ट आकार का एक नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ।

चयन प्रक्रिया:

चयन के लिए सर्वप्रथम आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे और चयन समिति द्वारा विभिन्न मानदंडों अर्थात् उनकी प्रोफाइल, आयु, शैक्षिक अर्हता, अनुभव आदि के आधार पर आवेदकों को लघुसूचीबद्ध किया जाएगा। इस संबंध में एनबीसीसी का निर्णय अंतिम होगा। चयन का तरीका, वैयक्तिक साक्षात्कार होगा।

सामान्य शर्तें :

1. आवेदकों द्वारा सावधानीपूर्वक पूरा विज्ञापन पढ़ा जाना और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे विज्ञापन में दिए गए पद के सभी पात्रता मानदंड को पूरा करते हों।

2. यदि यह पाया जाता है कि आवेदन में दी गई जानकारी भ्रामक / अपूर्ण / असत्य है तब किसी भी स्तर पर आवेदित पद के लिए अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

3. वी.आर.एस. का विकल्प लिए हुए / सेवारत आवेदकों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. आयु, अनुभव आदि के निर्धारण की अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात **19/04/2023** होगी। परिणाम घोषित / अंक सूची जारी होने की तिथि को अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और अनुभव की गणना के लिए इस तिथि का उपयोग किया जाएगा।

5. यदि आवश्यक हुआ तो प्रबंधन के पास आगे कोई सूचना जारी किए या उसके बाद बिना कोई कारण बताए भर्ती / चयन प्रक्रिया को रद्द करने / प्रतिबंधित करने / विस्तार करने / बदलने / संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है।

6. संभावित आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र / अनुशेष / इरेटा के लिए एनबीसीसी की वेबसाइट को नियमित रूप से देखें।

7. उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित कोई भी प्रश्न / मुद्दे केवल एनबीसीसी की ई-मेल talent@nbccindia.com पर भेजे जाने चाहिए।

8. आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपने पक्ष में कोई भी याचना करने पर आवेदक को अभ्यर्थिता के अयोग्य कर दिया जाएगा।

9. इस विज्ञापन और / अथवा इसके संबंध में किए गए आवेदन के कारण उत्पन्न किसी दावे अथवा विवाद के किसी

मामले से संबंधित किसी भी विधिक कार्यवाही का न्याय क्षेत्र केवल दिल्ली स्थित न्यायालय होंगे। अंग्रेजी से इतर संस्करण की व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी अस्पष्टता / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

10. **सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे और कोई भी संचार कूरियर / डाक या किसी अन्य माध्यम से नहीं भेजा जाएगा।**

महत्वपूर्ण तिथियाँ :

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव आदि) के निर्धारण के लिए अंतिम तिथि	19/04/2023
ई-मेल के माध्यम से आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि	19/04/2023 (बुधवार)

****

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार